संस्करण-2, अंक-1 माह-अप्रैल,2016

ई-समाचार पत्र

सहारनपुर नगर निगम

मासिक अवलोकन

नगर आयुक्त की कलम से.......

डा० नीरज शुक्ला
नगर आयुक्त
सहारनपुर नगर निगम

आप सभी लोगों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनायें, मुझे यह बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है की नगर निगम सहारनपुर ने अपने निवासियों को एक उच्चस्तरीय जीवनशैली प्रदान करने के अपने संकल्प की पूर्ति के लिये जनहित के विभिन्न कार्य आरम्भ किये हैं, नगर निगम ने स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट अंतर्गत फेरा-रेहड़ी लगाने वालो के पंजीकरण का कार्य आरंभ करने जा रहा है, जिसमें उनके लिए वेंडिग जोंन भी बनाया जायेगा। नगर के अभी प्रमुख मार्गो की सामान्य स्ट्रीट लाइटों को बदल कर एल.ई.डी लाईट लगाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, साथ ही वैकल्पिक उर्जा को बढावा देने तथा एक उदाहरण स्थापित करने हेतु नगर निगम कार्यालय को पूर्ण रूप से सौर उर्जा के प्रयोग हेतु एक सोलर पवार प्लांट लगाने की कार्यवाही भी की जा रही है। आम नागरिकों को सस्ती दरों पर पेयजल उपलब्ध करने हेतु नगर में चयनित स्थानों पर आर.ओ. वाटर ए.टी.एम लगाने का प्रयास भी किया जा रहा है। नगर में साफ-सफाई की स्थिति सुदृण करने के क्रम में मामूली दरों पर डोर-टू-डोर कूड़ा- कचरा एकत्र करने हेतु संस्थाओं को नामित किया गया है, जो प्रतिदिन एक निश्चित समय पर घर-घर से कूड़ा- कचरा एकत्र कर उसके

निस्तारण की कार्यवाही करेगी । यदि आपके पास कोई सुझाव या विचार हो तो आप अपने अमूल्य विचारों तथा सुझावों से हमें दूरभाष, ई-मेल, तथा फेसबुक पर भी अवगत करा सकते हैं ।

शुभकामनाओं सहित.........

डा0 नीरज शुक्ला
नगर आयुक्त,
सहारनपुर नगर निगम

SAHART

प्रकाशक
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

सम्पादकीय मण्डल
सच्चिदानंद सिंह
प्रदीप कुमार मित्तल
प्रमोद कुमार गुप्ता
राजीव कुमार चौधरी
डा० ए० के० त्रिपाठी
डी० एम० कटियार
संजय भटनागर
कुलदीप कुमार

इस संस्करण में :-

नगर आयुक्त की कलम से	1
स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट तथा वेंडिग ज़ोन	1
बैसाखी मेला	2
आर.ओ. वाटर ए. टी.एम	2
सड़कों पर एल.ई.डी लाईट	3
निकाय में सौर उर्जा	3
संपत्तिकर की रिकार्ड वसूली	3
नवरात्रि पर विशेष	4
हिंडन नदी को पुर्नजीवन	4
घर-घर से कूड़ा-कचरा एकत्रीकरण	4
बैसाखी मेले की तैयारी	5
शिकायत, जनसूचना तथा अन्य	5

स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट-2014 अंतर्गत वेंडिग जोंन बनाने की योजना-

सहारनपुर नगर निगम ने स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट-2014 के अंतर्गत वेंडिग जोंन स्थापित करने हेतु स्थानों को चिन्हित करने का कार्य आरम्भ किया है, जिससे फेरा-रेहड़ी व फड़ी आदि लगाने वाले पंजीकृत वेंडरों को नगर सीमा में ही कार्य करने हेतु बाजार में उचित स्थान उपलब्ध कराया जा सके। इसके अंतर्गत नगर निगम की और से एक टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन किया जायेगा, जो फेरा-रेहड़ी लगाने वालों के हितों का ध्यान रखते हुए कार्य करेगी। टाउन वेंडिंग कमेटी के अध्यक्ष नगर आयुक्त होंगे, कमेटी में 40% वेंडर, 30% महिलायें, 10% एनजीओ तथा पुलिस प्रशासन, यातायात पुलिस, अग्निशमन, लोनिवि, पत्रकार तथा रेवेन्यू विभाग के अधिकारी पदेन सदस्य होंगे। स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट-2014 अंतर्गत राष्ट्रीय आजीविका मिशन का 5% बजट वेंडरों के हित में व्यय किया जायेगा। वेंडरों के सर्वेक्षण का कार्य लखनऊ की संस्था युग एसोसिएटस को सौंपा गया है।

सहारनपुर नगर निगम ने वेंडिंग जोंन स्थापित करने हेतु स्थान चिन्हित करने का कार्य आरम्भ।

पांवधोई तट पर लगा बैसाखी मेला -

13 अप्रैल - बैसाखी के दिन सहारनपुर में पांवधोई नदी के तट पर एक मेला आयोजित किया जाता है। इसका श्रेय पांवधोई बचाओ समिति, श्री रामलीला सम्पत्ति कमेटी, जिला प्रशासन, नगर निगम सहारनपुर और शहर के उन जागरुक नागरिकों को जाता है जो पिछले तीस-चालीस सालों में, गंदा नाला बना दी गई, पांवधोई गंगा नदी को उसकी खोई हुई गरिमा वापिस लौटाने के लिये प्रयास कर रहे हैं। निरंतर प्रयासों के बावजूद पांवधोई अभी इतनी स्वच्छ तो नहीं हुई है कि उसमें स्नान किया जा सके, या उसके जल से आचमन किया जा सके, पर नगर निगम ने बैसाखी के पर्व पर गंगा स्नान का पुण्य अर्जित कराने के लिये अनोखा प्रबन्ध कर डाला है। पानी के बड़े-बड़े टैंकर पांवधोई नदी के तट पर बिछाई गई अस्थाई पाइप लाइन से जोड़ दिये गये हैं और लोग गंगा में डुबकी न भी सही, टोंटियों से आ रहे जल में ही स्नान करके पुण्य अर्जित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, हरिद्वार से गंगाजल भी मंगाकर इन टैंकरों में डाला गया है ताकि सारे पानी में गंगाजल के गुण समाहित हो जायें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी पवन कुमार ने कहा कि हम किसी भी धर्म से संबंध रखते हो और देश में कहीं भी निवास करते हों लेकिन हमारी संस्कृति एक है और यही हमारी एकता की पहचान है। जिलाधिकारी ने मेला आयोजकों को इस सुन्दर प्रयास के लिये साधुवाद भी दिया। नगर आयुक्त डा. नीरज शुक्ल ने मुख्य यजमान के रूप में गंगा पूजन किया। बैसाखी मेले में जनता को आकर्षित करने के लिये खाने पीने के स्टाल के अलावा कृषि विभाग, शिवम सेवा ग्रामोद्योग संस्थान, अन्नपूर्णा फूड्स, पतंजलि व कृपाल आश्रम सहित अनेक संस्थानों ने अपने स्टॉल लगाये। यही नहीं, न्यू कैंब्रिज स्कूल सुल्तानपुर चिलकाना, जयमंगला जूनियर हाई स्कूल, ब्लू हैवन एकेडमी, एमटीएस पब्लिक स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल व गुरुनानक इंटर कॉलेज के बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन नीदरलैंड से पधारी Water Resources Group की सुश्री ऐना ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर मंच पर जयनाथ शर्मा, डा. पी. के. शर्मा, अमीर खान, डा. वीरेन्द्र आज़म, डा. एस. के. उपाध्याय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में केएल अरोड़ा, सुशांत सिंघल, हरिओम बंसल, पंकज कर्णवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, आशीष वैश्य, डॉ. कुदसिया अंजुम, रामकुमार शर्मा, वसीम हैदर, संजय सैनी, जयसिंह, राजेंद्र सैनी, वीना बजाज सहित बड़ी संख्या में संभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

13 अप्रैल - बैसाखी के दिन सहारनपुर में पांवधोई नदी के तट पर आयोजित बैसाखी मेला।

नागरिकों से अनुरोध

- कूड़ा-करकट निर्धारित स्थानों पर ही डाले ।
- गृहकर- जलकर का ससमय भुगतान करें ।
- पालीथिन का प्रयोग न करें।
- धूम्रपान का प्रयोग न करें ।
- सार्वजनिक सम्पत्तियों को हानि न पहुंचायें।
- अतिक्रमण न करें ।
- प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ लगाए।
- नगर क्षेत्र को हरा-भरा बनायें।
- यातायात नियमों का पालन।
- अपने वाहनों से प्रदूषण नियंत्रित रखें।
- जल अमूल्य है, जल का प्रयोग सावधानी से करें।

डा० ए० के० त्रिपाठी
नगर स्वास्थ्य अधिकारी
सहारनपुर नगर निगम

नागरिकों को आर.ओ. वाटर ए.टी.एम. से भी उपलब्ध होगा पेयजल -

सहारनपुर नगर निगम की आर.ओ. वाटर एटीएम लगाकर पेयजल उपलब्ध करने की की योजना।

स्मार्ट सिटी सहारनपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने हेतु नगर निगम सहारनपुर ने जनसुविधायें बढ़ने के क्रम में नगरवासियों को सस्ती दरों पर आर.ओ. वाटर उपलब्ध करने की योजना बनायी है, जिसके अंतर्गत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वाटर एटीएम लगाकर आम नागरिकों को साफ पेयजल के रूप में आर.ओ. वाटर उपलब्ध कराया जायेगा। आर. ओ. वाटर एटीएम लगाने हेतु स्थानों का चयन किया जा रहा है, प्रथम चरण में लगभग 100 वाटर एटीएम लगाये जायेंगे। जिससे लोगों को मामूली दरों पर पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। नगर निगम के अधिकारयों ने सम्बंधित कंपनियों से संपर्क शुरू कर दिया है। नगर निगम की ओर से उक्त कंपनियों को वाटर एटीएम लगाने हेतु भूमि मुफ्त उपलब्ध करायी जाएगी। योजना को पीपीपी माडल के रूप में विकसित करने हेतु भी विचार किया जा रहा है।

एल.ई.डी. लाईटो से जगमगाई सहारनपुर की सड़कें -

नगर निगम ने अपनी सीमा अंतर्गत पथ प्रकाश की व्यवस्था को सुदृण करने तथा बिजली की खपत को कम करने के उद्देश्य से एक अभियान चला कर नगर के मुख्य मार्गों पर सोडियम स्ट्रीट लाईट को बदल कर एल ई डी लाईट लगाने का अभूतपूर्व कार्य आरम्भ किया है, जिसके प्रथम चरण में कोर्ट रोड की सभी स्ट्रीट लाईट को बदल कर एल ई डी लाईट किया जा चुका है, इसके अगले चरण में सर्किट हॉउस रोड की सभी लाईटों को बदलने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, इस प्रकार अब तक कोर्ट रोड पर कुल .... एल ई डी लाईट तथा सर्किट हॉउस रोड पर कुल .... एल ई डी लाईट लगा कर नगर निगम ने लगभग बिजली के बिल के रूप में लगभग .... लाख रुपये प्रति माह की बचत की है। इस अभियान में .... वाट की सोडियम लाइटों को .... वाट की एल. ई. डी लाईटों से बदला जा रहा है । शीघ्र ही नगर के अन्य प्रमुख मार्गों को विभिन्न चरणों में एल. ई. डी लाईटों से सुसज्जित किया जायेगा। नगर निगम शीघ्र ही गली, मोहल्लों तथा कालोनियों के साथ ही साथ नगर निकाय कार्यालय को भी एल. ई. डी. लाईट से प्रकाशित करने हेतु योजना बना रहा है।

सहारनपुर नगर निगम की ओर से सामान्य स्ट्रीट लाईट को एल.ई.डी. लाईट से बदलने का अभियान।

निकाय कार्यालय सौर उर्जा से होगा प्रकाशित -

निकाय कार्यालय को वैकल्पिक उर्जा पर निर्भर करने हेतु में सोलर पवार प्लांट लगाने की योजना ।

नगर निगम परिसर में 14वें वित्त आयोग एवं नगर निगम निधि से 20 किलो वाट क्षमता के सोलर प्लांट को स्थापित करने हेतु कार्यवाही आरंभ की गयी, जिसका उद्देश्य नगर निगम कार्यालय की सम्पूर्ण विधुत व्यवस्था को प्रदुषण रहित स्वच्छ उर्जा, सौर उर्जा आधारित करना है। इस योजना पर कार्य हेतु नगर निगम कार्यालय में विधुत की मांग तथा खपत की गणना हेतु सर्वेक्षण कार्य पूरा किया जा चूका है, इस योजना के अंतर्गत ही नगर निगम कार्यालय में प्रयुक्त हो रहे सामान्य विधुत उपकरणों को एल.ई.डी. तथा अन्य कम विधुत आवश्यकता वाले उपकरणों से बदला जायेगा। नगर निगम परिसर में उक्त 4-6 घंटे बैकअप वाले 20 किलो वाट क्षमता के सोलर पवार प्लांट को 5 वर्ष की एएमसी के साथ स्थापित करने हेतु स्थान का चयन भी किया जा चूका है।

नागरिकों के विचार

नगर निगम की ओर से नगरवासियों को स्मार्ट सिटी की सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। नगर की सामान्य स्ट्रीट लाइटों को एल.ई.डी लाईट से बदलने का कार्य उर्जा की खपत कम करने की दिशा में एक क्रन्तिकारी कदम है, जिसके लिये नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी बधाई के पात्र है। नगर निगम की इस पहल का असर नगर के मुख्य मार्गों पर दिखने लगा है, मार्गों पर पथ प्रकाश की अभूतपूर्व व्यवस्था की जा रही है, जिसको कोई भी कोर्ट रोड या सर्किट हॉउस रोड पर जा कर देख सकता है। नगर निगम के अधिकारीयों को अब गली, मोहल्लों, कालोनियों तथा अन्य मार्गों पर भी एल.ई.डी लाईट उपलब्ध करने हेतु योजना बनानी चाहिये।

अंकित कंसल

नगर निगम ने की संपत्तिकर की रिकार्ड वसूली -

नगर निगम सहारनपुर ने वित्तीय वर्ष 2016 के समापन के दृष्टिगत संपत्तिकर की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाया और 31 मार्च 2016 तक संपत्तिकर जमा करने वालों को 10% की छूट भी दी। उक्त छूट का लाभ उठाने के लिये नागरिकों में संपत्तिकर जमा कराने की होड़ लगी रही। नगर निगम ने इस वर्ष से संपत्तिकर के कम्प्यूटरी कृत बिलों का वितरण आरम्भ किया था, जिसके परिणाम स्वरूप लगभग प्रतिदिन कर जमा कराने वाले लोगों की कतार लगी रहती थी। नागरिकों को सुविधा उपलब्ध करने हेतु सभी अवकाशों पर भी नगर निगम स्थित बिल संग्रहण कक्ष को खोला गया। 31 मार्च को संपत्ति कर जमा कराने वाले लोगों की संख्या इतनी अधिक थी की सम्बंधित काउंटरों को रात 12 बजे तक खोलना पड़ा। इस प्रकार मात्र मार्च माह में चलाये गए अभियान से नगर निगम ने 1.48 करोड रुपये की रिकार्ड वसूली की। 31 मार्च को मात्र एक दिन में 1052 भवन स्वामियों से 32.55 लाख रुपये की वसूली भी एक रिकार्ड है, इससे पूर्व के वर्षों में कभी भी एक दिन में 8 -10 लाख रुपये की वसूली नहीं की जा सकी थी। नगर निगम 31 मार्च के पूर्व प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण हेतु दिनांक 25-4-16 से 06-5-16 तक विशेष कैम्प लगा रहा है, जिसका लाभ भवन स्वामी ले सकते हैं।



नवरात्रि के अवसर पर विशेष व्यवस्था-

नवरात्रि के पवन पर्व पर नगर निगम सहारनपुर तथा दैनिक जागरण ने संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाकर मंदिरों तथा देवालयों के आस पास सफाई कार्य संपन्न किया।

नवरात्रि के पवन पर्व के शुभारम्भ से पूर्व नगर निगम ने सहारनपुर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। सडकों के किनारे पड़े कूड़े-कचरे आदि को उठाने के साथ ही मंदिरों व देवालयों के आस-पास के क्षेत्र में न केवल व्यापक स्तर पर सफाई की बल्कि चूना व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव भी कराया गया। दिनांक 07.04.16 को नगर निगम व् दैनिक जागरण ने संयुक्त रूप से महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया। कल्पना पुल के नीचे स्थित भैरव मंदिर, काली मंदिर, गौविन्द नगर के राधा श्याम मंदिर, किशनपूरा का किरयाना मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, हकीकत नगर के वैष्णव देवी मंदिर के आस पास सफाई की गयी, जिसमें 8 लोडर, 50 छोटे-बड़े ट्रक, 700 ठेलिया के साथ 1200 कर्मचारीयों को लगाया गया था।

हिंडन नदी को पुर्नजीवित करने की तैयारी-

दिनांक 13-04-16 को हिंडन व उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने तथा उनके अविरल प्रवाह को बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी मंडलायुक्त/ जिलाधिकारी पवन कुमार के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वाटर रिसोर्स ग्रुप 2030- डब्लू आर जी की सदस्या अन्ना ने लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हिंडन प्रदर्शनी यात्रा-2016 के बारे में जानकारी दी, जो लखनऊ से आरम्भ हो कर एनसीआर में समाप्त होगी। प्रभारी मंडलायुक्त/ जिलाधिकारी पवन कुमार ने योजना की सफलता के लिये एक कमेटी का गठन किया। जिसमें जिलाधिकारी, नगरायुक्त, एसई तथा एक्सईएन सिंचाई विभाग, महाप्रबंधक जल कल, प्रदुषण विभाग के अधिकारी, आईआईए चेयरमैन, डा० एसके उपाध्याय, आईटीसी, स्टार पेपर मिल, विधायक राजीव गुम्बर, डा० पी के शर्मा, आईआईटी रूडकी के विवेक कुमार, जीएम डीआईसी को शामिल किया गया। समिति यह सुनिश्चित करेगी की हिंडन व अन्य सहायक नादियाँ अतिक्रमण मुक्त रहे। हिंडन का उद्गम मुजफ्फराबाद में है।

घर-घर से कूड़ा-कचरा एकत्रीकरण तथा निस्तारण हेतु प्रयास -

एम.एस.डब्लू.-2000 के अनुसार नगर के दो वार्डों आवास विकास तथा मिशन कंपाउंड से डोर टू डोर कूड़े-कचरे को एकत्र कर वैज्ञानिक रूप से निस्तारित करने हेतु दो संस्थाओं स्वदेश सेवा संस्थान तथा समर्पण वेलफेयर सोसाएटी को क्रमश: आवास विकास तथा मिशन कंपाउंड को प्रायोगिक तौर पर नामित किया गया है, जो नगर निगम सहारनपुर की ओर से घर-घर से कूड़ा एकत्र करके प्रयोक्ता प्रभार वसूल करेंगी। इस प्रयोग के परिणाम को देखते हुए यह प्रक्रिया अन्य वार्डों में भी लागू कर डोर टू डोर कूड़े- कचरे को एकत्र किया जायेगा। उक्त संस्थायें समय समय पर सम्बंधित क्षेत्र में निवासियों को सफाई के प्रति तथा कूड़े- कचरे के निस्तारण हेतु जागरूक करने तथा सफाई का महत्व समझाने के लिये अभियान चलायेंगी।

नगर निगम की ओर से घर-घर से कूड़ा-कचरा एकत्रीकरण तथा निस्तारण हेतु प्रयोक्ता प्रभार लेने की योजना।

नागरिकों के विचार

स्वच्छता तथा सफाई के दृष्टिगत नगर निगम सहारनपुर की डोर टू डोर कूड़े तथा कचरे को एकत्र करने का कार्य आरम्भ किया जाना एक अच्छी शुरुवात है, घर-घर से स्वच्छता तथा सफाई तथा कूड़े-कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु प्रयोक्ता प्रभार लेना उचित है, नवरात्रि के अवसर पर किया गया सफाई कार्य सराहनीय है, नगर निगम को जल संचयन की ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, नगर में दिनों दिन तालाबों तथा जल संचयन से सम्बंधित स्थल अतिक्रमण का शिकार होते जा रहे हैं, अब नगर निगम को उक्त स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर जल संचयन स्थलों के विकास, संवर्धन तथा सुद्रिणीकरण की ओर भी विशेष ध्यान देते हुए अभियान चला कर कार्यवाही की जानी चाहिये, जिससे सहारनपुर नगर में गिरते जल स्तर को रोका जा सकेगा।

जिमी गुप्ता

14वें वित्त आयोग, अवस्थापना विकास निधि, राज्य वित्त आयोग अंतर्गत मांगी गयीं निविदायें-

सहारनपुर नगर निगम अंतर्गत निर्माण विभाग ने 14वें वित्त आयोग, अवस्थापना विकास निधि एवं राज्य वित्त आयोग/ निगम निधि के अंतर्गत लगभग 7.10 करोड़ की निविदायें आमंत्रित की गयीं थी। नगर निगम निर्माण विभाग के वर्ष 2015-16 में पंजीकृत ठेकेदार अपनी पंजीकृत सीमान्तर्गत निर्धारित अवधि में **www.etender.up.nic.in** में उनकी निविदायें मांगी गयी थी, जिसके कर्म में लाटरी के माध्यम से 98 कार्यों निविदायें आवंटित करने का कार्य पूर्ण किया जा चूका है। शीघ्र ही नियमानुसार स्वीकृति के उपरांत कार्य आरंभ कराया जायेगा

शिकायत, जनसूचना तथा अन्य-

शिकायत/ समस्या निस्तारण हेतु दूरभाष संख्या -

1800-180-5432

1800-180-3316

जनसूचना अधिकारी

श्री एस.बी. अग्रहरी

दूरभाष - +91-8477008051

नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा हेतु सड़कों पर पथ प्रकाश की व्यवस्था की है, जिसे ससमय जलाने व बंद करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है, आप से अनुरोध है की नगर निगम अंतर्गत यदि कोई भी स्ट्रीट लाईट जलती हुई पायी जाए तो तत्काल नगर निगम कार्यालय को निम्न दूरभाष संख्या पर सूचित करें-

1- श्री एस.बी. अग्रहरी (प्रभारी पथ प्रकाश)	दूरभाष- +91-8477008051
2- श्री संत कुमार (स्टोर कीपर)	दूरभाष- +91-8477008089
3- श्री विनोद कुमार	दूरभाष- +91-8477008069

सहारनपुर नगर निगम, सहारनपुर - 247001, (उ०प्र०), दूरभाष-0132-2614720, फैक्स-0132-2614730
वेब साइट- www.saharanpurnagarnigam.in, ई-मेल- nagarnigamsaharanpur@gmail.com,
फेसबुक-www.facebook.com/saharanpurnagarnigam